हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited NIRF 2025 Ranked: 101-150 | 50+ Acre Campus | 130+ Programs | 8000+ Students from 33 Countries | 400+ Recruitment Partners

Where Words Become **Weapons.**

BA LLB
BBA LLB
LLB
LLM

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Specialisations in **LLM** (Select any Two) – Cyber Law, Crime and Torts, Business and Corporate Law, Intellectual Property Rights (IPR), Constitutional & Administrative Law, Labour Law



**Practical Legal Training**
Pro Bono Club
Moot Court
Legal Aid Clinic

BE DIFFERENT! BE BETTER! BE AHEAD!

**Benefits you can avail when you apply early:**
- *Priority program selection*
- *Access to exclusive scholarship opportunities*
- *Preferred hostel room allotment*
- *One-to-one career counselling Session by expert counsellor*
- *Guidance on the latest education policy and curriculum structure*
- *Access to centres of excellence and new-age program information*

**CLAT and LSAT score card accepted**

Top Recruiters:
KPMG, BCG, Deloitte, PWC, Luthra & Luthra Law Offices, Clutch Group, Pangea3

**OUR PROGRAMS**

PHARMACY
D.Pharmacy
B.Pharmacy
M.Pharmacy
Pharm.D

ARTS & HUMANITIES
BA | BA (J & MC) | BSW
BA (Lib. Arts) | MA | MSW
MA (J & MC)

COMMERCE
B.Com.
B.Com. Hons.
(in Banking & Finance)
(Includes GST & Taxation)
M.Com.
M.Com.
(Banking & Finance)

EDUCATION
B.P.Ed | B.Ed
MA.Ed. | MA.(P.Ed)

DESIGN
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

RESEARCH
Ph.D.

LIBRARY SCIENCE
B.Lib.
M.Lib.

SCIENCE
B.Sc.
M.Sc.

INFORMATION TECHNOLOGY
DCA | PGDCA
MCA

YOGA
Diploma
B.Sc.
PG Diploma
M.Sc.

MANAGEMENT
BBA
MBA

ENGINEERING
Diploma | B.Tech
M.Tech

**NEW-AGE PROGRAMS**

BBA (With **FINTECH** as a specialisation) | BCA in **AI & ML** | B.CS & M.CS in **AI & ML and Cybersecurity** | B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science** | BBA in **Film Making** In collaboration with | B.Tech CS in **AI & ML** In collaboration with IBM Innovation Centre for Education | Master of **Data Science** | BCA Specialisation in **Game Development with AI** | Bachelor & Master of **Animation & VFX**

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

SCAN THE **QR CODE**
To Register for our Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

# पेट्रोल संकट की संभावना से ई-वाहनों का बढ़ा क्रेज, बिक्री में इजाफा

**जानकारी लेने वालों की संख्या में 50 फीसदी इजाफा, वाहन भी खरीदने की रफ्तार बढ़ी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोल संकट की संभावना बहुत बढ़ गई है। कच्चे तेल के दाम तो आसमान पर चले गए हैं, फिलहाल अपने देश में केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क कम करके राहत देने का काम किया, लेकिन युद्ध अगर लंबा चला, तो इसमें संदेह नहीं है कि पेट्रोल के दाम भी बढ़ेंगे और संकट भी संभव है। ऐसे में देश के साथ अपने राज्य में भी ई-वाहनों की बिक्री में इजाफा हो गया है। इसकी जानकारी लेने वालों की संख्या भी 50 फीसदी बढ़ी है। आने वाले समय में इसकी बिक्री की रफ्तार और तेज होने की संभावना है। वैसे बीते कुछ सालों से अपने राज्य में ई-वाहनों की बिक्री में वैसे भी लगातार इजाफा हो रहा है। पेट्रोल की बढ़ती कीमत के कारण ही लोगों का रुझान कुछ सालों से ई-वाहनों की तरफ गया है। ई-वाहनों की बिक्री में लगातार इजाफा भी हो रहा है। अब छत्तीसगढ़ में सालभर में 50 हजार से ज्यादा वाहन बिक रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा दोपहिया वाहन और ई-रिक्शा हैं। कारों की बिक्री अब भी कम है। पांच साल पहले प्रदेश में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे, लेकिन अब रफ्तार तेज हो गई है। प्रदेश में इस समय दो लाख से ज्यादा ई-वाहन हो गए हैं।

**ई-वाहनों पर सब्सिडी :** प्रदेश सरकार भी ई-वाहनों की खरीदी पर सब्सिडी दे रही है। पहले 10 प्रतिशत तक सब्सिडी या डेढ़ लाख (जो भी कम हो) की मिलती थी। लेकिन मई 2025 के संशोधन के बाद, यह अधिकतम सब्सिडी एक लाख हो गई है। साथ ही 20 लाख से ऊपर के ई-वाहनों पर सब्सिडी भी खत्म कर हो गई है। रजिस्ट्रेशन शुल्क में भी 2026-27 तक छूट का प्रावधान है।

### बिक्री में बड़ा बूम

प्रदेश में बीते पांच सालों में ई-वाहनों की बिक्री में बड़ा बूम आया है। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। इसके बाद 23-24 में यह आंकड़ा 35 हजार के पार हुआ और फिर 24-25 में 40 हजार के करीब वाहन बिके। चल रहे सत्र में मार्च समाप्त होने ही वाला है। इस सत्र में 50 हजार से ज्यादा वाहन बिकने का अनुमान है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में हर माह ढाई से तीन हजार दोपहिया वाहन बिक रहे हैं। इसी के साथ हर माह एक से डेढ़ हजार ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर तीन से साढ़े तीन सौ के आस-पास ही बिक रही हैं।



### और बढ़ेगी बिक्री

पेट्रोल संकट की संभावना को देखते हुए ई-वाहनों की तरफ लोगों का रूझान बढ़ गया है। पूरे देश के साथ प्रदेश में भी ई-वाहनों की जानकारी लेने वालों में तो इजाफा हुआ ही है साथ ई-वाहन पहले से ज्यादा बिक रहे हैं। आने वाले समय में इसकी बिक्री में और इजाफा होगा।

**- मनीष राज सिंघानिया**
चेयरमैन, फाडा

## खबर संक्षेप

### 86 माह के डीए एरियर्स पर सरकार से होगी चर्चा



**रायपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मोदी की गारंटी के तहत 2017 से लेकर 2026 तक कुल 86 माह के डीए एरियर्स की मांग पर शासन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। प्रदेश स्तर पर गठित एक मांग एक मंच के प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक संरक्षक डॉ डीपी मनहर के मुख्य आतिथ्य एवं चंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में राजधानी में आयोजित की गई। बैठक में कोर कमेटी के संरक्षक अनिल शुक्ला, सुजान सिंह बिंद, ओपी शर्मा और गोपाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। एक मांग एक मंच के प्रांतीय संयोजक करन सिंह अटेरिया ने कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारी एवं पेंशनर एक सूत्रीय मांग पर शासन की उपेक्षा से आक्रोशित हैं इसलिए मांग पूरी होने तक हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। प्रांतीय संरक्षक अनिल शुक्ला के चार बिंदुओं के प्रस्ताव को प्रांतीय कोर कमेटी ने पारित किया। जिसमें कि 86 माह के डीए एरियर्स के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर चर्चा कर करेगा। एक मांग एक मंच डीए एरियर्स को लेकर शासन के विरुद्ध उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोई याचिका दायर नहीं करेगा।

### रामनवमी पर भंडारे का आयोजन, प्रसाद वितरित



**रायपुर।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर इंद्रप्रस्थ फेस 2 के श्री राम जानकी वाटिका पर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कालोनी के रहवासियों ने भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना और मंगल आरती गाकर मंगल कामना की। आयोजित भंडारे के दौरान मौसम में बदलाव हुआ मगर कालोनी के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए विषम परिस्थितियों पर काबू पा लिया। कालोनीवासियों द्वारा पिछले तीन साल से रामनवमी पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ में शामिल हुए जनपद सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- ग्रामीणों ने नाली निर्माण, पेयजल समस्या एवं टाडा पारा को आश्रित ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग उठाई
- सभापति प्रकाश सिन्हा ने की पूजा-अर्चना, समस्याओं के शीघ्र निराकरण का दिया आश्वासन



जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अंकोरी (टांडा) में आयोजित अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 21 अंकोरी के जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर ग्रामवासियों ने श्रीफल एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा भोग-भंडारे में सहभागिता करते हुए ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की। कार्यक्रम में विभिन्न कीर्तन मंडलियों ने अपनी भक्ति-भावना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सभापति सिन्हा ने कहा कि अष्टप्रहरी संकीर्तन हरिनाम यज्ञ आदि-अनादि काल से हमारी परंपरा का अभिन्न हिस्सा रहा है। हरे कृष्ण, हरे राम महामंत्र का जाप तन-मन को प्रफुल्लित करता है। सोलह नामों एवं बत्तीस वर्णों से युक्त यह महामंत्र कलियुग में जीवों के उद्धार का सरलतम माध्यम बताया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भगवान की प्राप्ति का सबसे सहज मार्ग हरिनाम जप एवं सामूहिक संकीर्तन है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और सद्भाव का संचार होता है।

इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य राजेंद्र डडसेना, विधायक कार्यालय प्रभारी महेंद्र प्रधान, सरपंच मिश्रा दीप, उपसरपंच नीलमणि नायक, पंचगण एवं अंकोरी सोसायटी अध्यक्ष मुरलीधर नायक, रेशम लाल नायक, माधव लाल नायक, नारायण राठौर, छेदी राम बंजारा, प्रेमलाल नायक, रामदास नायक, गंधनिधि नायक, गंगाराम नायक, ओखीराम बंजारा, नरेंद्र साहू (संचालक), हेमलाल नायक, रहमत बंजारा, जीवनलाल राठौर, चंदर सिंह, पुरुषोत्तम सतपथी, नरेंद्र राठौर, गोविंद नायक, अभिमन्यु राठौर, कीर्तन नायक, भुवनेश्वर नायक, पुरुषोत्तम वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जनपद सभापति को नाली निर्माण, पेयजल समस्या सहित अन्य स्थानीय मुद्दों से अवगत कराया। साथ ही अंकोरी पंचायत अंतर्गत ग्राम टाडा पारा को आश्रित ग्राम का दर्जा दिलाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई। श्री सिन्हा ने सभी मांगों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र निराकरण एवं उक्त मांग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया।

# नित्यानंद फिर मनोनीत हुए उत्कल ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना



जिला उत्कल ब्राह्मण जिला महासमुंद की आवश्यक बैठक हरि लक्ष्मी विप्र भवन बसना में हुई। बैठक की शुरुवात भगवान परशुराम एवं जगन्नाथ भगवान के पूजन अर्चन के साथ हुई। प्रदेश उत्कल ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस बैठक में वर्तमान जिला अध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा एवं उनके कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वानुमति से नित्यानंद मिश्रा को पुनः जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। साथ ही सचिव हेमंत कुमार दास, सहसचिव उल्लास दास, उपाध्यक्ष पीसी त्रिपाठी, कृष्ण मुरारी पाणिग्राही, सुनील पाणिग्राही, धर्मेंद्र महापात्र, आनंद विलास दास, कोषाध्यक्ष सुरेश पाणिग्राही, प्रवक्ता तरुण दास, संयोजक भागीरथी पंडा, सह संयोजक अयोध्या प्रसाद मिश्रा, मीडिया प्रभारी पूर्णानंद मिश्र, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शांति मिश्र, महिला प्रकोष्ठ सचिव प्रतिमा पाढ़ी, सलाहकार मंडल, दुर्गाप्रसाद मिश्र, अनंत राम कर, प्यारेलाल मिश्रा, विकास, राधाकांत कर को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। मनोनयन पश्चात जिलेभर से उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पुरंदर मिश्रा ने कहा कि जिला उत्कल ब्राह्मण समाज जिले के परिदृश्य में अब सशक्त होता जा रहा है। मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सनातन धर्म में समाज को दिशा दिखाने वाला पथ प्रदर्शक है। वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से ओत प्रोत ब्राम्हण अब संगठित हैं, जो सदैव परोपकार में लगे रहते हैं।

उन्होंने मंच से छत्तीसगढ़ के सुख संवृद्धि के लिए भगवान परशुराम एवं जगन्नाथ भगवान से प्रार्थना की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नित्यानंद मिश्रा ने अपने पूर्व के तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए सहयोग हेतु समस्त कार्यकारिणी एवं ब्राह्मण समाज का आभार व्यक्त किया। आगामी वर्षों में जिला उत्कल ब्राह्मण समाज को और अधिक सशक्त बनाने का आश्वासन दिया। जिला प्रवक्ता तरुण दास ने समाज में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन पर विप्रजनों को बधाई प्रेषित किया। जानकारी देते हुए जिला उत्कल ब्राह्मण समाज के मीडिया प्रभारी पूर्णानंद मिश्र ने बताया कि बैठक में जिले के सभी विकास खंडों से विकासखंड अध्यक्ष सरायपाली सुरेंद्र सामंतराय, बसना नीरज दास, पिथौरा यूके दास, बलौदा कृष्ण मुरारी पाणिग्राही सहित उनकी कार्यकारिणी के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बसना सचिव ललित मिश्रा, निवर्तमान सचिव रमेश कर एवं आभार प्रदर्शन बसना अध्यक्ष नीरज दास ने किया।

# बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट से यात्री नहीं, उड़ रहे कबूतर...10 साल बाद अब उम्मीद भी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर खड़े बांग्लादेश के एयरक्राफ्ट से यात्री नहीं कबूतर उड़ते हैं। दस साल से अधिक समय से एक ही जगह पर खड़े रहने की वजह से वह कबाड़ में तब्दील हो चुका है। नीतिगत मामला होने की वजह से इस विमान की वापसी नहीं हो सकी है। सौ से ज्यादा ई-मेल भेजने के बाद भी उस ओर से बेहतर रिस्पांस नहीं मिलने पर विमानतल प्रबंधन ने भी उसका नियमित रख रखाव बंद कर दिया है।

करीब ढाई सौ यात्रियों को लेकर ढाका से मस्कट जा रहे यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में तकनीकी खराबी आई थी। उसे आपात स्थिति में रायपुर एयरपोर्ट में लैंड कराया गया था। सकुशल उतरे यात्रियों को दूसरे दिन अन्य माध्यमों से रवाना कर दिया गया था। एयरक्राफ्ट बिगड़ने की वजह से यहां खड़ा रह गया था, जो अब तक मौजूद है। दस साल से ज्यादा समय बीतने और ऑपरेशन एरिया से दूर होने की वजह से उसका मेंटेनेंस बंद हो चुका है।

सालों से एक ही स्थान पर खड़े रहने की वजह से एयरक्राफ्ट में अन्य परिंदों के साथ कबूतरों का बसेरा हो चुका है, जो विमान के आसपास मंडराते रहते हैं। विमान का उपयोग कुछ साल पहले सुरक्षा बलों के पूर्वाभ्यास के लिए किया जाता था, बाद में सुरक्षागत कारणों से इसे बंद कर दिया गया और एयरपोर्ट स्टाफ को भी उधर जाने से मना कर दिया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा एयरक्राफ्ट की वापसी का मामला केंद्रीय स्तर का होने का तर्क दिया जा रहा है, वहीं जानकार सूत्रों का कहना है कि ऐसे विमान की वापसी के लिए अब तक कोई नियम ही नहीं बना है।

### बंद हो चुकी विमानन कंपनी

*सूत्रों का कहना है कि एयरक्राफ्ट जिस यूनाइटेड एयरवेज का था, वह करीब नौ साल पहले बंद हो चुकी है। इसी वजह से शुरुआती दिनों में किए जाने वाले ई-मेल को रिस्पांस नहीं मिल पाया था। हालांकि बांग्लादेश से वर्ष 2019 में कंपनी के इंजीनियरों ने यहां आकर विमान को सुधारने का प्रयास किया था। इस दौरान उसे रनवे से 300 मीटर दूर खिसकाया गया था।*

### नीलामी पर नहीं बनी बात

*वर्ष 2023 में इस विमान की नीलामी कर पार्किंग किराया (जो अब पांच से सात करोड़ हो चुके) चुकाने की बात सामने आई थी। बांग्लादेश से इस बारे में सहमति नहीं मिलने की वजह से प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी। जानकारों का कहना है कि विमान के बारे में तब तक कोई फैसला नहीं लिया जा सकता जब तक बांग्लादेश की ओर से सहमति ना मिले।*

**एक सप्ताह पूर्व अंबिकापुर के संजय वाटिका रेस्क्यू सेंटर में कुत्तों के नोचने से 15 हिरण, चीतल की मौत हुई थी**

# संरक्षित वनक्षेत्र में आवारा कुत्तों को घुसने से रोकने बारनवापारा मॉडल अपनाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंबिकापुर के संजय वाटिका रेस्क्यू सेंटर में पिछले सप्ताह 20-21 मार्च की दरमियानी रात आवारा कुत्तों के नोचने से 15 हिरण तथा चीतल की मौत की घटना के बाद विभागीय अफसरों ने संरक्षित वन क्षेत्र तथा टाइगर रिजर्व में आवारा कुत्तों का प्रवेश रोकने दिशा निर्देश जारी किया है। साथ ही इन वनक्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश से रोकने बलौदाबाजार मॉडल अपनाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के वन्यप्राणी बहुल क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश से होने वाली हानि और बीमारियों को रोकने के लिए वन विभाग ने अब और भी सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण कुमार पाण्डेय ने प्रदेश के सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को एनटीसीए की एसओपी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। घटना की पीसीसीएफ ने उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए हैं।

### प्रवेश पर नियंत्रण आवश्यक

वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए आवारा कुत्तों के प्रवेश पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। सभी वनमंडलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के लिए ग्रामवार समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने का निर्देश दिए गए हैं, ताकि वन्यप्राणियों पर होने वाले ऐसे दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**- अरुण कुमार पाण्डेय,** पीसीसीएफ, वाइल्ड लाइफ



### एसओपी का पालन करने प्रशिक्षण

एनटीसीए द्वारा टाइगर रिजर्व में कुत्तों के प्रवेश को रोकने के लिए जो एसओपी जारी किया है, उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा। एसओपी का पालन कैसे करना है, इसके लिए आगामी दो सप्ताह के भीतर सभी फील्ड अधिकारियों और कर्मचारियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### बलौदाबाजार का कलर कोडिंग मॉडल

वनक्षेत्र में कुत्तों का प्रवेश रोकने बारनवापारा अभयारण्य में सफल रहे प्रयोग को अब पूरे प्रदेश में लागू करने की तैयारी है। इसके तहत वन क्षेत्रों के समीप स्थित ग्रामों के पालतू कुत्तों को एक विशेष रंग का पट्टा पहनाया जाएगा, जिससे उनकी पहचान हो सके। साथ ही वनक्षेत्र से सटे ग्रामीणों को सचेत किया गया है कि यदि उनके पालतू कुत्ते वन क्षेत्र में पाए गए, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मानवीय नियंत्रण और प्रबंधन

आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए एनीमल वेलफेयर बोर्ड इंडिया के मॉड्यूल का पालन किया जाएगा। कुत्तों को पकड़ने और उनके परिवहन के दौरान जीव कल्याण मानकों का ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जन जागरूकता अभियान चलाकर वन क्षेत्रों के पास के गांवों में पोस्टर, बैनर और ग्राम सभाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी, ताकि वन्यजीवों को रैबीज जैसी बीमारियों और हमलों से बचाया जा सके।

# एक अप्रैल से 45 हजार सरकारी कनेक्शन होंगे प्रीपैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भी अब मोबाइल की तरह की रीचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी। हालांकि अभी इस योजना से आम जनता को राहत है, लेकिन आने वाले समय में आम जनता के बिजली कनेक्शन भी प्रीपैड हो जाएंगे। पहले चरण में सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपैड किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्रस्ताव को प्रदेश सरकार की सहमति मिल गई है।

- पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभाग शामिल

पहले चरण में ब्लाक स्तर के सभी सरकारी विभागों के कनेक्शन एक अप्रैल से प्रीपैड हो जाएंगे। करीब 45 हजार सरकारी कनेक्शनों को तीन माह का रीचार्ज करना होगा। इसी के साथ अलग-अलग चरणों में प्रदेश के सभी 1.72 लाख बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड कर दिया जाएगा। मार्च तक सरकारी विभागों पर जितना भी बकाया होगा, उसको फ्रीज कर दिया जाएगा। इस बकाया को प्रदेश सरकार किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी।

प्रदेशभर में पुराने मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है। 1.72 लाख सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसमें से करीब डेढ़ लाख में ये मीटर लग गए हैं। बचे करीब 22 हजार मीटरों को भी लगाने का काम तेजी से हो रहा है। ये मीटर पंचायतों और आंगनबाड़ी के ही ज्यादा बचे हैं। संभावना जताई जा रही है कि कनेक्शन प्रीपैड होने से पहले बचे स्मार्ट मीटर भी लग जाएंगे।


सरकारी विभागों पर ही तीन हजार करोड़ का बकाया

सरकारी दफ्तरों से बिजली बिल बकाया वसूली के लिए चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सरकारी दफ्तरों भी अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने बकाया वसूली के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। आमतौर पर आम उपभोक्ता से तो वसूली के लिए बिजली तक कट कर दी जाती है, लेकिन सरकारी दफ्तरों की तरफ झांका भी नहीं जाता है। अब सरकारी दफ्तरों में जाकर पॉवर कंपनी के अधिकारी उनके बकाया बिल की जानकारी देकर बिल जमा करने के लिए कहेंगे, हालांकि बिजली कट नहीं की जाएगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने कहा, प्रदेश के शासकीय कार्यालयों में बकाया बिजली बिल की वसूली के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक बैठक कर बकाया वसूली के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिला एवं कंपनी के संभागीय कार्यालयवार शासकीय कार्यालयों के बकाया संबंधी जानकारी एकत्र कर एक सप्ताह के भीतर समीक्षा पूर्ण करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने अवैध कनेक्शन लेने वाले घरेलू एवं व्यवसायिक उपभोक्ताओं की भी जानकारी एकत्र करने के निर्देश दिए हैं।

तीन हजार करोड़ बकाया, 600 करोड़ मिले

प्रदेशभर के सरकारी विभागों पर पॉवर कंपनी का करीब तीन हजार करोड़ का बकाया है, इसमें से 600 करोड़ रुपए पॉवर कंपनी को मिल गए हैं। मार्च के अंत तक और बकाया मिलने की संभावना है। इसके बाद बचे भी सरकारी विभागों का बकाया फ्रीज कर दिया जाएगा और सरकारी विभागों के कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे।

### तीन-तीन माह का करना होगा रीचार्ज

*पहले चरण में ब्लाक स्तर पर करीब 45 हजार सरकारी बिजली कनेक्शनों को प्रीपैड करने की तैयारी है। इन सभी कनेक्शनों के विभागों को अपने बजट से तीन-तीन माह का रीचार्ज कराना होगा। जिस विभाग का एक माह का जितना बिल आता है, उसको देखते हुए तीन माह के बिल के बराबर की राशि का रीचार्ज कराना होगा। इस रीचार्ज के समाप्त होने से पहले आने वाले तीन माह के लिए फिर से रीचार्ज कराना होगा।*

### तीन हजार करोड़ बकाया

सरकारी विभागों पर बकाया लगातार बढ़ते जा रहा है। बीते साल अगस्त में यह बकाया 1988 करोड़ था जो बढ़ते-बढ़ते मार्च 2025 में 2444.91 करोड़ हो गया था। अब यह बकाया करीब तीन हजार करोड़ हो गया है। इसमें सबसे बड़ा बकाया नगरीय निकायों पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग पर 600 करोड़ से ज्यादा है। इसी के साथ अन्य विभागों पर एक करोड़ से लेकर सौ करोड़ तक का बकाया है। यह बकाया मार्च तक 35 सौ करोड़ तक हो सकता है। इस बकाया को प्रदेश सरकार विभागों के बजट से ही किस्तों में पॉवर कंपनी को देगी। प्रदेश सरकार के किस्तों में बकाया मिलने भी लगा है। एक किस्त में छह सौ करोड़ मिल गए हैं।

# नशीली टेबलेट बिक्री मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कमिश्नरेट रायपुर के डीसीपी सेंट्रल जोन की अगवाई में सिविल लाइंस पुलिस ने नशीली टेबलेट बिक्री के मामले में एक और आरोपी कांटाभांजी ओडिशा निवासी अर्जुन मजखण्ड उर्फ चेनू को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी सप्लायर के रूप में कार्यरत था और नशीली टेबलेट अवैध रूप से ग्राहक तक पहुंचाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग मोबाइल फोन जब्त किया है। इस प्रकरण में दो अन्य आरोपियों दुर्गेश महानंद उर्फ फुला और टाण्डन उर्फ हनी को गिरफ्तार किया जा चुका है।

मामला 3 फरवरी 2026 का है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सिविल लाइंस क्षेत्र, मुक्तिधाम न्यू 2 अंतिनगर के पास दो व्यक्ति अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखकर बिक्री के उद्देश्य से ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस ने तुरंत रेड कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा और उनके कब्जे से 80 नग नशीली टेबलेट जब्त की।

### दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, थाने का घेराव

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमिनपारा में धार्मिक जुलूस को लेकर दो पक्षों में मारपीट करने की घटना सामने आई है। दोनों पक्षों ने आजाद चौक थाने का घेराव कर एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट करने के साथ आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया है। स्थिति को देखते हुए पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवार से हमला करने का आरोप लगाया है। दल-बल के साथ पहुंचे अफसर आपसी समझाइश के बाद तनावभरी स्थिति को नियंत्रित करते रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

## खबर संक्षेप

### हाईवा की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद**। ग्राम पड़कीपाली में हाईवा की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम अजगरखार निवासी डोरीलाल निषाद 28 मार्च को शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल से ग्राम भंवरपुर पुत्र की शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। पडकीपाली मेन रोड पहुंचने पर सामने से आ रहे हाईवा क्र सीजी 04 पीई 8131 का चालक द्वारा अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर डोरीलाल के मोटर सायकल को ठोकर भारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसमें उसे चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद**। महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को आरती खुटे निवासी बरभांठा ने बताया कि उसका पति चुनुराम खुटे खुद शराब पीता है और दूसरों को भी शराब पिलाता है। 27 फरवरी को करीब 11 बजे उसने अपने पति चुनुराम खुटे को दूसरे लोगो को शराब पिलाने से मना किया तब आरोपी ने तुम मना करने वाली कौन होती हो कहकर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देकर ईंट से मुंह में मार दिया। महिला ने इलाज कराने के बाद 28 मार्च को अपने पति के खिलाफ पटेवा थाने में रिपोर्ट लिखाई है, जिस पर धारा 115(2), 296, 351(2)-बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शादी कार्यक्रम में गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद**। ग्राम तरेकेला में एक शादी कार्यक्रम में गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को रमेश कुमार साहू पिता कौशल प्रसाद साहू ग्राम पिरदा ने कि 27 मार्च को वह अपनी बाइक सीजी 06 जीपी 6368 से ग्राम तरेकेला में हेमसागर पटेल के घर शादी कार्यक्रम में गया था। जहां उसने बाइक को तरेकेला में डिकेश्वर साव के घर के पास रखा था। कार्यक्रम से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक न हीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद**। बसना पुलिस ने ग्राम खरोरा रोड स्थित जंगल से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी नरेश डडसेना पिता गिरधर डडसेना (34 साल) खरोरा थाना बसना के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

# 8 करोड़ के प्रस्तावित फुटबॉल मैदान को 3 साल से फंड का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

8 करोड़ की लागत से प्रस्तावित फुटबाल मैदान के

**फंड नहीं मिलने से फुटबाल मैदान की फाइल भी भटक रही इधर से उधर**

लिए शहर के हाउसिंग बोर्ड के पास जमीन चयन किए जाने के बाद भी इसका निर्माण कार्य अटका हुआ है। तीन साल से फंड स्वीकृत नही होना इसका प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

## कांग्रेस शासन में हुआ भूमिपूजन, वर्तमान सरकार से नही मिल रहा फंड

### मैदान के साथ मिलती आधुनिक सुविधाएं

प्रस्तावित फुटबॉल मैदान में खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय, दर्शक दीर्घा, ड्रेसिंग रूम, जिम सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है। हालांकि, फंड की कमी के कारण यह सभी सुविधाएं फिलहाल कागजों तक ही सीमित हैं। बता दें कि जिले में फुटबॉल के करीब 250 से 300 युवा खिलाड़ी सक्रिय हैं, लेकिन समुचित मैदान के अभाव में उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



### मल्टीपर्पज हॉल योजना भी अधर में

केवल फुटबॉल मैदान ही नहीं, बल्कि प्रस्तावित मल्टीपर्पज हॉल योजना भी फंड के अभाव में अटकी हुई है। इस योजना के तहत इंडोर खेलों के लिए कोर्ट, ड्रेसिंग रूम, शौचालय और जिम जैसी सुविधाएं विकसित की जानी थीं। खेल सुविधाओं के विकास के लिए बनी योजनाएं फंड की कमी के चलते देरी का शिकार हैं। इससे खिलाड़ियों को संसाधन नही मिल पा रहे।

जानकारी के अनुसार फीफा मानकों के अनुरुप इसके निर्माण के लिए वर्ष 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा भूमि पूजन भी किया गया। जिससे खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में उम्मीद तो जगी कि जल्द ही शहर को आधुनिक फुटबॉल मैदान मिलेगा। लेकिन, सरकार बदलने के बाद यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई। वर्तमान में इसे खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से पूरा करने की बात कही जा रही है। लेकिन, अभी भी फाइल प्रक्रिया में पेंच फंसा हुआ है। अफसरों की मानें तो जमीन उपलब्ध है, लेकिन बजट स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। जैसे ही बजट स्वीकृति मिलेगी, निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

**अपराध : घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सिरको का**

# सूने घर में दिनदहाड़े चोरों का धावा 6 लाख के जेवर और नगदी पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए तकरीबन 6 लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम सिरको में दिनदहाड़े हुए दइस वारदात में जेवर और नगद समेत करीब 6 लाख की चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।



पुलिस को प्रार्थी घासीराम पटेल ने बताया कि 27 मार्च को सुबह करीब 10 बजे वह पदमपुर ओडिशा गया था और उसकी पत्नी धनकुंवर बाई ग्राम केशरीपुर चली गयी थी। घर में कोई नहीं था, जब वापस मेरी पत्नी वापस आई तब देखा कि बाहर का दरवाजा अंदर से लगा हुआ था और जब पीछे की दरवाजा में जाकर देखा तो पीछे का दरवाजा टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा हुआ, आलमारी टूटा हुआ था। आलमारी के अंदर रखे सोना-चांदी के जेवरात एवं कपड़े के बैग रखा हुआ नगदी रकम नहीं था।

प्रार्थी ने बताया कि इसकी जानकारी उसकी पत्नी ने मोबाईल से दी। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर ने सोने का माला एक नग, कर्णफूल दो नग वजन 25 ग्राम कीमत लगभग 50000 रुपए, पुरानी इस्तेमाली दो नग चांदी की पायल, बिछिया दो नग, अंगूठी दो नग वजन 40 ग्राम कीमत लगभग 30000 रुपए और नगदी रकम 5, 15, 000 रुपए कुल 5, 95, 000 रुपए को चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### ट्रक से कपड़े का गठ्ठा चोरी

महासमुंद। ट्रक से कपड़े के गठ्ठा चोरी के मामले में पिथौरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को नरेंद्र कुमार साहू निवासी तुलसीपाल थाना बनरपाल जिला अंगुल ओडिशा ने बताया कि 11 फरवरी को वह अपने वाहन क्रमांक ओआर 19 ए 1027 से ग्रेट इंडिया रोडवेज मेटल पार्क गोदाम रायपुर से पार्सल लोड कराकर रात्रि 9.30 बजे रायपुर से बौद्ध ओडिशा के लिये रवाना हुआ था। ग्राम जामपाली स्थित पेट्रोल पंप के पास जामपाली ढाबा में खाना खाकर रात्रि 11 बजे के आसपास अपने ट्रक में सो रहा था। रात्रि 3 बजे के आसपास उठकर अपनी गाड़ी को चेक किया तो उसका त्रिपाल फटा हुआ था और ट्रक में चढ़कर देखा तो उसमें से कुछ बंडल को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।

# अवैध निर्माण पर उठाई आपत्ति तो शिकायत वापस लेने का दबाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा स्थित चर्च की

- चर्च की जमीन पर अवैध तरीके से खरीदने और अवैध निर्माण का मामला
- चर्च की जमीन पर स्टे के बाद भी जारी अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग


बदनीयती : आबादी जमीन की रजिस्ट्री कराकर हड़पी चर्च की जमीन
50 करोड़ की जमीन को हड़पने की साजिश, शिकायत कर कार्रवाई की मांग

जमीन पर कब्जे और बदस्तूर जारी अवैध निर्माण के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सामाजिक कार्यकर्ता ने कलेक्टर और एसपी को आवेदन देकर भू-माफियाओं से अपनी जान का खतरा बताया है। कार्यकर्ता द्वारा स्टे के बाद भी स्थानीय प्रशासन के संरक्षण में जारी निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कार्यकर्ता पटेल द्वारा मामले में कार्रवाई न होने पर 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का ऐलान किया है। डालेश्वर पटेल ने कहा है, ईसाई समाज की लगभग 50 करोड़ रुपए की भूमि को हड़पने की साजिश रची जा रही है। इस भूमि पर बिना वैध अनुमति के व्यावसायिक परिसर का निर्माण किया जा रहा है। और संरक्षण प्रदान करने वाले स्थानीय नेताओं को बकायदा दुकान और रुपयों का भी प्रलोभन दिया गया है।

पटेल ने बताया कि भवन निर्माण की अनुमति अवधि अक्टूबर 2025 में समाप्त हो चुकी है। बावजूद निर्माण कार्य जारी है। नगर पंचायत के अधिकारियों द्वारा निर्माण सामग्री जब्त न करना उनकी संलिप्तता को दर्शाता है। तकरीबन पखवाड़े भर पूर्व की गई शिकायत के बाद भी कतिपय दबाव के चलते कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई होती नजर नही आ रही है।

एसपी को सौंपे गए आवेदन में डालेश्वर ने स्पष्ट किया है कि शिकायत वापस लेने के लिए उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने नामजद शिकायत करते हुए जितेन्द्र सिन्हा और पियुष अग्रवाल पर आरोप लगाया है कि वे डराने-धमकाने और मारपीट करने के तलाश कर रहे हैं। पटेल ने अपने जान के खतरे की आशंका जताते हुए 1 अप्रैल से थाना पिथौरा के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी दी है।

# नर्रा की शराब दुकान में सात लाख के गबन का मामला

**महासमुंद**। लगातार बिक्री कम दर्शाते हुए जिले के नर्रा क्षेत्र के अंग्रेजी शराब दुकान में तकरीबन 7 लाख के गबन का मामला सामने आया है। शराब घोटाले के आरोपी सुपरवाईजर, सेल्समैन और मल्टी वर्कर को बर्खास्त किए जाने की जानकारी मिली है। बता दें कि मामले में सुपरवाईजर ईश्वर मधुकर, सेल्समैन योगेश चक्रधारी एवं मल्टी वर्कर हुमन पारे द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार बिक्री कम बताते हुए इस तकरीबन 7 लाख रुपए की घोटाले को अंजाम दिया गया। तीनों आरोपियों से उक्त खानगी की भरपाई किए जाने की बात सामने आई है। लेकिन, अब तक इस मामले में की गई शिकायत और किसी भी प्रकार का खुलासा विभाग अथवा पुलिस द्वारा नही किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस शराब दुकान में रोजाना तकरीबन 1 लाख रुपए की बिक्री दर्ज की जा रही है।

### देसी प्लेन शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड श्मशान घाट के पास एक युवक के कब्जे से देशी प्लेन शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी रोहेंद्र साहू पिता देवीचंद साहू (25 साल) निवासी वार्ड नं 23 श्रीराम पाठशाला के पास सुभाष नगर महासमुंद के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 4000 रुपए और प्लेजर वाहन कीमत 20000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की।

# मुड़ीपार में एक ही फंदे से प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मुड़ीपार गांव में युवक-युवती ने पेड़ में एक ही फंदे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। इसकी जानकारी रविवार की सुबह उस समय हुई जब भंवरपुर चौकी क्षेत्र के मुड़ीपार गांव स्थित तालाब किनारे इमली के पेड़ पर दोनों के शव फांसी के फंदे पर झूलते मिले।

मृतकों की पहचान प्रिया नाग (उम्र करीब 20-21 वर्ष), निवासी सालिया थाना भिलाईगढ़ और सूरज सेन (उम्र 28 वर्ष), निवासी मुड़ीपार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध था। ऐसी चर्चा है कि परिवार के लोग परिवार के इनके खिलाफ थे।



जानकारी के अनुसार, दोनों 2-3 दिन पहले अपने घरों से फरार हो गए थे। इसके बाद परिजन उनकी तलाश में जुटे थे। इसी बीच सारंगढ़ थाना क्षेत्र में युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। रविवार की सुबह करीब 8:30 बजे ग्रामीणों ने तालाब किनारे इमली के पेड़ पर दोनों को फंदे से लटका देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवक-युवती ने दुपट्टा और गमछे के सहारे फांसी लगाई थी। प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विरोध को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# गंभीर आरोपों के बीच कोतवाली टीआई राठौर लाइन अटैच, लगातार मिल रही थी शिकायतों पर हुई कार्रवाई, नाहर होंगे नए प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

फरियादियों से दुर्व्यवहार, शराब के अवैध विक्रेताओं को संरक्षण और थाना पहुंचने वाले पीड़ितों से उगाही जैसे गंभीर आरोपों के बीच कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र राठौर को लाईन अटैच कर दिया गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बावजूद पुलिस अफसरों ने इस कार्रवाई को अंजाम देने में काफी देरी की। लेकिन, देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर अब राजीव नाहर को कोतवाली का प्रभार दिया गया है। इसके साथ ही नागरिकों ने अपेक्षा जताई है कि नवपदस्थ टीआई द्वारा पूर्व में राठौर द्वारा की गई लापरवाही से सबक लेते हुए अपनी दक्षता सिद्ध कर पाएंगे।

सूत्रों के अनुसार, थाना प्रभारी राठौर के खिलाफ लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं। आरोप था कि न तो थाना में नियमित उपस्थिति देते और न ही आम नागरिकों और खासकर फरियादियों के साथ उनका व्यवहार संतोषजनक रहा। मुख्यालय स्थित कोतवाली थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र राठौर को इन लगातार शिकायतों के बाद लाइन अटैच कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में अवैध शराब कारोबार के बढ़ने के पीछे भी पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे थे। इस गंभीर प्रकरण को देखते हुए उच्च अधिकारियों ने तत्काल हस्तक्षेप किया। आरोपों की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी सी. तिग्गा को प्रारंभिक जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह जांच प्रक्रिया पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए अहम मानी जा रही है। उच्चाधिकारियों ने मामले में संज्ञान लेते हुए बिना देरी किए कार्रवाई की और टीआई नरेंद्र राठौर को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया। नाहर को नया प्रभारी नियुक्त

थाना कोतवाली में अब राजीव नाहर प्रभारी होंगे। बहरहाल, पुलिस विभाग की इस कार्रवाई से अमले में लापरवाही, दुर्व्यवहार और अवैध गतिविधियों में संलिप्तता थमेगी। अफसरों ने बताया है कि प्रशासनिक कारणों से टीआई नरेंद्र राठौर को रक्षित निरीक्षक कार्यालय भेजा गया है।

### तालाब की झाड़ियों में फंसकर डूब गया बालक, हुई मौत

**महासमुंद**। तालाब में नहाने के दौरान 15 वर्षीय बाल की असमय मौत हो गई। दरअसल, नहाने के दौरान बालक तालाब के अंदर की झाड़ियों में फंस गया और बाहर नही निकल पाने और डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तोषगांव का है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना शुक्रवार की है। जब गांव का राजेंद्र बरिहा पिता रविशंकर (15) सुबह नहाने के लिए तालाब पहुंचा। नहाने के दौरान तालाब के भीतर कमल (पूरेन) की झाड़ियों में वह ऐसे फंसा कि बाहर नहीं निकल पाया और डूबने से उसकी मौत हो गई। अन्य बच्चों के घर लौटने और काफी देर तक राजेंद्र के घर नही लौटने से परिजन तलाश में निकले और चिंता से व्याकुल परिजनों को दोपहर करीब 1 बजे तालाब के घाट पर राजेंद्र के कपड़े और चप्पल मिले। अनहोनी की आशंका में परिजन और ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर खोजबीन शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद राजेंद्र को तालाब से बाहर निकाला गया। उसे बसना अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज, विवेचना जारी**

# झलप में एनसीसी अस्पताल स्टाफ के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के झलप स्थित एनसीसी अस्पताल में स्टाफ के साथ मारपीट व गाली गलौज की घटना की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

एनसीसी अस्पताल के कर्मचारी नीरज यादव ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी की रात को वह ड्यूटी में था। करीब 11.30 बजे को मरीज पद्मा यादव पति कमल किशोर यादव ग्राम फुटगुना (पिथौरा) निवासी है, को सरकारी अस्पताल पिथौरा से रेफर कराकर प्रसव के लिये अस्पताल लाया गया। प्रार्थी न बताया क प्रसव के दौरान बच्चे ने गंदा पानी पी लिया था, जिसका इलाज प्रसव कक्ष में चल रहा था। उसी दरमियान मरीज के परिजन आत्माराम यादव, प्रफुल्ल राजपूत और अन्य दो साथी आये उसे रिसेप्शन में पूछा कि बच्चा और मरीज कहां है। जिस पर उसने उन लोगों को बताया कि बच्चे ने पानी पी लिया है और उसका इलाज चल



रहा है और डॉक्टर द्वारा बताया भी गया था कि बच्चे के डॉक्टर को दिखाना पड़ सकता है। इस बात को सुनकर आक्रोश में आकर वे लोग गाली गलौज करने लगे। आवाज सुनकर सहयोगी स्टाफ मनोज नेताम ने आकर उक्त लोगों को समझाया, लेकिन उन्हीं में से एक आदमी ने अचानक आकर मारपीट करने लगा, साथ ही मनोज नेताम, स्टाफ नर्स एवं आरएमओ के साथ भी गाली गलौज की गई। प्रार्थी ने बताया कि उक्त घटना सीसीटीवी में रिकार्ड भी हुई है। इधर, पुलिस ने शिकायत आवेदन की जांच के बाद आरोपी आत्माराम यादव, प्रफुल्ल राजपूत, टेकलाल साहू और एक अन्य व्यक्ति के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) बीएनएस तथा छत्तीसगढ़ चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान अधिनियम 2010 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं भारत सरकार के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि सनातन धर्म की मजबूती में भारत की मजबूती अंतर्निहित है और सनातन धर्म भारतीय अस्मिता की पहचान है। वे रविवार को यहां राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी की समीक्षा कर रहे थे।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे, प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी, प्रदेश महिला अध्यक्ष मोहिनी चंद्राकर, शहर अध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, कार्यक्रम सह संयोजक पीयूष साहू और बड़ी संख्या में वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रोशन दुबे ने कहा कि देश के प्रमुख संत-मनीषियों का समागम राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के महासमुंद सम्मेलन में होने जा रहा है। उन्होंने सभी से इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश संगठन मंत्री देवीचंद राठी ने महासमुंद के सनातनी लोगों से बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का आयोजन 31 मार्च को शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी संगठन के देशभर से पदाधिकारी और अन्य प्रतिनिधि बड़ी संख्या में राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश चंद्र द्विवेदी की अध्यक्षता में भाग लेने जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कैंसर रोग की जांच व परीक्षण प्रतिदिन

**महासमुंद।** स्थानीय इंदिरा मार्केट मेन रोड स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक नाक, कान, गला, थायराईड, कैंसर रोग जांच एवं परीक्षण की जाएगी। यहां डॉ. चंचल लहरी उपलब्ध रहेंगी। कान का बहना, आवाज गूंजना, सुनने में परेशानी होना, तंबाखू व गुटखे से गले व मुंह का कैंसर, लगातार सर्दी, जुकाम, एलर्जी व खर्राटे, थायराईड, घेघा रोग की जांच डॉ. अंकित अंबिलकर द्वारा की जाएगी।

### चर्म रोग का जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में सोमवार से गुरुवार एवं शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा शर्मा (एमबीबीएस, एमडी) रायपुर अपनी सेवाएं देंगे। जहां दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरियासिस, एलर्जी, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, केंदवा रोग, मुहांसे, झांई, झुर्रियां, तिल, मस्से, गुप्त रोग, सर के बालों से संबंधित समस्याओं की जांच की जाएगी।

### पचेड़ा में मानस गान आज से

**महासमुंद।** ग्राम पचेड़ा में तीन दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 30 मार्च से 2 अप्रैल तक रखा गया है। जिसमें प्रत्येक मानस मंडलियों को सम्मान राशि दिया जाएगा। यह कार्यक्रम कई वर्षो से किया जा रहा है। ताकि, गांव में सुख शांति और समृद्धि बनी रहे। कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जाएगा। उक्त जानकारी मनीराम साहू, उदय साहू, देवानंद साहू एवं ओमप्रकाश साहू ने दी है



# ग्राफ्टेड बैंगन की उन्नत खेती से सुदृढ़ हुई अमृत बंजारे की आर्थिक स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड महासमुंद अंतर्गत ग्राम बंबूरडीह की कृषक अमृत बाई बंजारे, शुद्धुराम बंजारे ने सीमित संसाधनों के बावजूद आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। अमृत बंजारे बताती है कि पूर्व में वे अपनी कुल 2.87 हेक्टेयर भूमि में परंपरागत रूप से धान की खेती किया करती थीं, जिसमें उत्पादन अपेक्षाकृत कम एवं लागत अधिक होने के कारण उन्हें पर्याप्त लाभ प्राप्त नहीं हो पाता था।

वर्ष 2025-26 में उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्होंने अपनी 1.45 हेक्टेयर सिंचित भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन (किस्म वीएनआर 212) की उन्नत खेती प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली, मल्चिंग पेपर एवं अन्य आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग करते हुए वैज्ञानिक पद्धति से खेती की। इन तकनीकों के उपयोग से जहां जल की बचत हुई। वहीं फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादन में भी वृद्धि हुई। बंजारे बताती है कि अब तक लगभग 80 टन बैंगन का उत्पादन कर चुके है, जिससे उन्हें लगभग 9 लाख 60 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई है।

## मन की बात : रविवार को किया गया 132वें एपिसोड का प्रसारण

# विधायक योगेश्वर ने पश्चिम बंगाल में सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रविवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 132वें एपिसोड का प्रसारण हुआ। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अपने प्रभार क्षेत्र बोलपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार के लिए प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। रविवार को उन्होंने क्षेत्र की भाजपा मंडल अध्यक्ष कंचन घोष के घर प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बंटी शर्मा, मंडल अध्यक्ष कंचन घोष, डॉ. उज्ज्वल मजूमदार, दीपक घोष, बिनॉय मंडल, राजेंद्र कुमार, अनिर्बान रॉय, सुकांता हाजरा उपस्थित थें।



इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनियाभर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। उन्होंने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी जागरुक रहें, अफवाहों में ना आएं। सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। उन्होंने वर्तमान स्थिति के लिए कहा कि मार्च का महीना वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। खाड़ी देशों में युद्ध के बावजूद भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद देने के कारण खाड़ी देशों का आभार प्रकट किया।

# बरबसपुर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा यज्ञ 6 से

### शोभायात्रा के साथ शुरू होगी कथा, तैयारी में जुटे ग्रामीणजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बरबसपुर में 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्रामवासियों द्वारा बाजार चौक में किया जाएगा। कथावाचक पंडित रूपनारायण शर्मा महासमुंद व पारायणकर्ता पंडित चंदन प्रसाद उपाध्याय होंगे।

6 अप्रैल को कलश यात्रा, गौकर्ण कथा एवं वेदी पूजा के साथ कथा प्रारंभ होगी। 7 अप्रैल की सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, हिरण्यकश्यप वध, 8 अप्रैल को कपिल, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, जड़भरत कथा, 9 को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र, गजग्राह कथा, 10 को यामन अवतार, समुद्र मंथन, राम जन्म, कृष्ण जन्म, 11 को कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, कंस वध, रूखमणि मंगल विवाह, 12 को 16108 विवाह, वंस वृध्दि, सुदामा चरित्र, 13 को सुदामा मंगल, परीक्षित मोक्ष, चढोत्री, ग्राम भ्रमण शोभायात्रा, 14 को गीता प्रवचन, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा स्नान, हवन, कथा विश्राम के बाद भंडारा में महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

# अखंड रामायण सम्मेलन में महाआरती के साथ सीता हरण की सुनाई कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खरोरा में पांच दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन में महाआरती के साथ सीता हरण की कथा सुनाई गई। मानस मंडली के टीकाकारों ने टीका बताया कि पंचवटी में रावण ने साधु वेष में छलपूर्वक सीता का अपहरण किया।

लक्ष्मण रेखा लांघने के बाद रावण माता सीता को आकाश मार्ग से लंका ले गया। जटायु ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन रावण ने उनके पंख काट दिए। शिव महिमा मानस मंडली चमारी बेमेतरा, जय श्रीराम मानस मंडली मुड़पार कसडोल, शिव शक्ति मानस मंडली फरहदा एवं कोसरंगी, बाल गोपाल मानस मंडली अछरीडीह, जय दुर्गा मानस मंडली भसेरा बनचरौदा, माया के राम मानस मंडली रायपुरा ने अपनी प्रस्तुति दी। रामायण सम्मेलन में समिति के अध्यक्ष किशन, उपाध्यक्ष मुकेश, सचिव परमानंद, सहसचिव संतोषी, कोषाध्यक्ष लता, चमन दास, कुमारी बाई, कलिंद्री आदि सहयोग दे रहे हैं।



# मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए नवकिरण अकादमी में हुआ दूसरा मेगा टेस्ट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के क्रम में आयोजित यह दूसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-02) मंडी उपनिरीक्षक भर्ती के संपूर्ण सिलेबस पर आधारित था। इस टेस्ट पेपर में कुल 100 अंकों के 100 प्रश्न पूछे गए, जिसमें हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रीजनिंग, भारत का इतिहास, भूगोल, संविधान, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाएं, छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान एवं कंप्यूटर जैसे विषय शामिल थे। इस दूसरे टेस्ट में नवकिरण अकादमी में अध्ययनरत एवं बाहरी पंजीकृत अभ्यर्थियों सहित कुल 85 परीक्षार्थियों ने भाग लेकर परीक्षा दी। साव ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि 04 टेस्ट सीरीज के अंतर्गत तीसरा मेगा टेस्ट (मेगा टेस्ट-03) आगामी 05 अप्रैल 2026 रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो पुनः संपूर्ण सिलेबस पर आधारित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी टेस्ट में भाग लेने एवं मंडी उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करने वाले इच्छुक अभ्यर्थी नवकिरण अकादमी महासमुंद कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा पंजीयन करा सकते हैं।



### निधन मुक्तेश्वर पटेल



**नर्रा।** ग्राम खट्टी निवासी मुक्तेश्वर (पीलाराम) पटेल का निधन 29 मार्च रविवार को हो गया। अंतिम संस्कार में समाज व स्थानीयजन बड़ी संख्या में जुटे। वे तीरथ पटेल के पिता व पूर्व सरपंच मीना पटेल के ससुर एवं अभिषेक व उमेश पटेल के दादा थे।

## भक्तिमय माहौल में नयापारा में धूमधाम से हुआ ज्योत जंवारा का विसर्जन





**बिरकोनी।** चैत्र नवरात्रि पर नौ दिनों की आराधना और भक्ति के बाद ग्राम नयापारा में ज्योत जंवारा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। पारंपरिक सेवा गीतों और माता के जयकारों के बीच भक्तों ने ज्योत जंवारा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली। महिलाएं सफेद साड़ी में श्रद्धा और उत्साह के साथ ज्योत जंवारा लेकर निकली। इससे पूरा गांव वातावरण में भक्तिमय हो गया। गांव के दो घरों में ज्योत जंवारा की स्थापना की गई थी, जहां नौ दिनों तक विधि-विधान से माता की सेवा और पूजा-अर्चना की गई। नौवें दिन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन यात्रा निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



### जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष का जताया आभार

**महासमुंद।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव द्वारा कार्यकारिणी घोषणा किए जाने के बाद नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव से मुलाकात कर उनका आभार जताया।



### धूमधाम से मनाया गया श्रीराम जन्मोत्सव

**महासमुंद।** जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर ग्राम लाफिनकला के श्रीराम जानकी मंदिर में शुक्रवार 27 अप्रैल को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रातः 5 बजे बजरंग मंडली द्वारा ग्राम की गलियों में प्रभात फेरी निकाली गई। श्रीराम जानकी मंदिर में पूजा पाठ व 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। पश्चात सभी के लिए भोजन भंडारा तथा शाम को भजन संध्या व जगराता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गोवर्धन साहू ने किया। आयोजन में मंदिर समिति अध्यक्ष नेतन पटेल, सचिव पवन साहू, पुजारी कृष्णकुमार वैष्णव, हेमूराम साहू, हीरा पटेल, बिसाल निषाद, टिकेश्वर साहू, मोहित साहू, अवधेश साहू, डुमन लाल साहू, जनक साहू, खोमन मानिकपुरी, पुरानिक साहू का विशेष सहयोग रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# विधायक पुरंदर ने सिन्हा के निधन पर जताया शोक

**पिथौरा (ग्रामीण)।** रायपुर उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा रविवार को पिथौरा प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत लहरौद के उपसरपंच व पत्रकार रमेश सिन्हा के निवास कर्मचारी कॉलोनी लहरौद पहुंचकर उनके पिता स्व. जगदीश प्रसाद सिन्हा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की। विधायक ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

विधायक मिश्रा ने कहा कि स्व. जगदीश प्रसाद सिन्हा पिथौरा ब्लॉक के छिबर्रा गांव में रहकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। वे हमेशा समाजसेवा और सामाजिक सरोकारों के लिए तत्पर रहते थे। उनके व्यक्तित्व में सामाजिक समरसता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती थी। उन्होनें श्री सिन्हा के निधन को क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
27 मई, 10 जून, 12 अगस्त,
02 सितम्बर, 30 सितम्बर 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411